# 3 तलाक देने वाला गिरफ्तार

**भोपाल, 28 अक्टूबर. राजधानी के शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में तीन तलाक का सनसनीखेज मामला सामने आया है. आरोप है कि पति ने अपनी पत्नी को डराने के लिए लाइसेंसी बंदूक दिखाते हुए तीन बार तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर दिया.**

जानकारी के अनुसार, आरोपी पति, जो फर्नीचर की दुकान चलाता है. वह लाइसेंसी बंदूक लेकर अपनी पत्नी के मामा के घर पहुंचा. महिला के मुताबिक, पति को देखते ही वह डर के मारे कमरे में जाकर बंद हो गई. इस दौरान आरोपी ने दरवाजे के बाहर खड़े होकर तीन बार तलाक-तलाक-तलाक बोल दिया. घटना से घबराई महिला ने तत्काल शाहजहांनाबाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और उसकी बंदूक जब्त कर ली गई है. पुलिस ने कहा कि महिला सोमवार दोपहर थाने आई थी और उसने बताया कि उसका पति हथियार लेकर उसके घर आया और तीन तलाक दे दिया.




## पुलिस और प्रशासन की टीम को खदेड़ा

**भोपाल.** गुनगा इलाके में ग्रामीणों ने मिलकर पुलिस और प्रशासन को खदेड़ दिया. इस मामले में किसी तरह की कोई एफआईआर दर्ज नहीं हैं. हालांकि एहतियात के रूप में पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई करना कबूला है. जानकारी के अनुसार यह घटना ग्राम कलारा में हुई थी. यहां हर्राखेड़ा सर्किल के तहसीलदार मिट्ठूलाल की अगुवाई में जमीन का सीमांकन करने टीम पहुंची थी, जिसमें गुनगा थाने का भी स्टाफ शामिल था. जमीन का सीमांकन नरेश शर्मा के आवेदन पर राजस्व विभाग कर रहा था. यहां विवाद की स्थिति बनी. पुलिस और प्रशासन के अधिकारी जबरिया एक व्यक्ति को उठाकर ले जाने लगे, जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ ने अमले पर भारी पथराव कर दिया. इस कारण पुलिस को अपनी जान बचाकर वहां से भागना पड़ा. इस मामले में थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने बताया कि वीडियो को जबरिया एक पक्ष अब वायरल करके मामले को तूल देना चाहता है.

## पंचवेली एक्सप्रेस से झपटा मोबाइल, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**भोपाल.** निशातपुरा रेलवे स्टेशन के आस-पास झपटमारों का गिरोह बहुत लंबे अरसे से सक्रिय हैं. यहां से गुजरने वाली कई ट्रेनों को धीमी रफ्तार से गुजारा जाता है, जिस कारण गेट के पास खड़े यात्रियों को निशाना बनाकर मोबाइल झपटा जाता है. ताजा वारदात पंचवेली एक्सप्रेस में हुई है. इस मामले में भोपाल जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई गई है. शिकायत राजगढ़ निवासी रवि नायक ने दर्ज कराई, उसने बताया कि वह शुजालपुर से भोपाल की यात्रा कर रहा था. वह पंचवेली एक्सप्रेस के सबसे पिछले वाले जनरल कोच के डिब्बे में सवार था. वारदात 27 अक्टूबर को हुई थी, उन्हें लोगों ने बताया भी था कि यहां मोबाइल लेकर न खड़े रहे. संदेही को दबोचने के लिए छोला मंदिर और निशातपुरा थाना पुलिस से भोपाल जीआरपी ने मदद भी मांगी थी.

## निगम अमले ने 82 आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा

**भोपाल.** नगर निगम द्वारा आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी व एंटीरैबीज टीकाकरण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। कार्यवाही के इसी क्रम में निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 82 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा। निगम अमले ने नसबंदी उपरांत 74 श्वानों को वापस छोड़ा।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देष पर निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने मंगलवार को विभिन्न जोन क्षेत्रों में आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही करते हुए 26 श्वानों को कजलीखेड़ा स्थित एबीसी सेंटर भेजा.

# प्रदेश के 7 जिलों में पानी गिरा

## राजधानी और मिनी मुंबई में छाए बादल, ठंडी हवाएं चलीं

**भोपाल. अक्टूबर माह के अंत में भी प्रदेश में बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. राजधानी और मिनी मुंबई में मंगलवार को दिनभर बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी.**



ग्वालियर में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा. मंगलवार सुबह तक दो इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है. रतलाम में भी सुबह पानी गिरा. सिस्टम की एक्टिविटी होने की वजह से प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर बना रहा. इसी के साथ मंगलवार को बैतूल, धार, ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, रीवा और उमरिया में बारिश हुई.

मुरैना में दोपहर डेढ़ बजे के बाद रिमझिम बारिश हुई. डिंडोरी में बेमौसम बारिश से खेतों में धान की पकी फसल खराब हो गई है, यहां मसूर और चने के खेतों में पानी भर गया है. उज्जैन के बड़नगर में तेज बारिश से खेतों में पानी भर गया. प्रदेश के आधे हिस्से में पिछले 24 घंटे के दौरान बारिश, आंधी और गरज चमक का दौर रहा.

### झाबुआ में जोरदार बारिश

**झाबुआ.** शहर में बिन मौसम बारिश हो रहीं है. यह बारिश मावठे की बारिश होने से इसका लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है. 27 अक्टूबर, सोमवार रात करीब 9 बजे शहर में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई. इसके बाद 28 अक्टूबर, मंगलवार सुबह भी बारिश का क्रम चला. दोपहर में तो जोरदार बारिश से सड़क पूरी तरह तरबतर हो गई. नाले-नालियों से पानी बहकर सड़कों पर जलजमाव हो गया. उधर मंगलवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई. एक ओर देश में जहां बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान का असर कई राज्यो में देखने को मिल रहा है.

# बारिश से बर्बाद फसलों के लिए मुआवजे की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल. मुरैना विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश गुर्जर ने हाल ही में हुई भारी बारिश से प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवज़ा देने की मांग की है।**

गुर्जर के अनुसार, क्षेत्र में खड़ी फसलों का करीब 95 प्रतिशत हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो गया है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने स्थिति को किसानों के लिए पूर्ण विनाश बताया और कहा कि किसान अब अपनी मेहनत की भरपाई के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संवाददाता से बातचीत में गुर्जर ने



बताया कि वे वर्तमान में बिहार में हैं, लेकिन जल्द ही वापस आकर इस मुद्दे को राज्य सरकार के सामने मजबूती से उठाएंगे।

उन्होंने कहा कि वे किसानों के अधिकारों के लिए लड़ेंगे ताकि उन्हें उचित राहत और मुआवज़ा मिल सके।विधायक ने यह भी मांग की कि राज्य सरकार क्षेत्र में सर्वेक्षण दल भेजकर नुकसान का आकलन करे।



## सशस्त्र सीमा बल ने मनाया स्थापना दिवस

**भोपाल, 28 अक्टूबर.** सशस्त्र सीमा बल अकादमी भोपाल ने मंगलवार को अपना 63 वां स्थापना दिवस मनाया. इस अवसर पर सशस्त्र बल जवानों की रस्सा खींच सहित अन्य प्रतियोगिताएं हुईं. इस दौरान बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी. अकादमी के अफसरों ने जवानों और बच्चों को सम्मानित किया.

## बाइक सवार से झपटी सोने की चेन

**भोपाल.** बागसेवनिया में मोपेड सवार तीन झपटमारों ने एक व्यक्ति से उसके सोने की चेन झपट ली गई. सोने की चेन की कीमत पुलिस ने 40 हजार रुपए बताई है. पुलिस के अनुसार वारदात 26 अक्टूबर की रात लगभग सवा आठ बजे हुई थी. पीड़ित नशे में होने के कारण उस दिन थाने में नहीं आ सका था. झपटमारी की घटना अंजली विहार कॉलोनी में हुई थी. थाने में शिकायत प्रशांत विमल पिता योगेंद्र विमल उम्र 42 साल ने दर्ज कराई है. वह यूनिक कैंपस में रहता है और प्राइवेट जॉब करता है, उसने बताया कि आरोपी मोपेड स्कूटी पर सवार थे, उनकी संख्या तीन थी जिन्होंने नशे में होने का फायदा उठाकर उससे सोने की चेन छीनकर भाग गए.

# रायसेन में लगेंगे 78 हजार स्मार्ट मीटर

**स्मार्ट मीटर की भ्रांतियां दूर करने पत्रकार वार्ता आयोजित**

**भोपाल/ रायसेन, 28 अक्टूबर. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर अभियान के तहत रायसेन जिले में 78 हजार 854 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जाएंगे, जिसमें से अब तक 01 हजार 919 से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं.**

यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निदेशक (पीडीटीसी) अनिल कुमार खत्री ने मंगलवार को रायसेन के कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागारमें आयोजित मीडिया कार्यशाला में कही. इस अवसर पर महाप्रबंधक रायसेन वृत्त अंकुर सेठ,



उपमहाप्रबंधक (ग्रामीण) पराग धबर्डे, उपमहाप्रबंधक (औबेदुल्लागंज डिवीजन) अनुराग सोनकर, उपमहाप्रबंधक (बरेली डिवीजन) गोपाल सिंह पटेल, सहायक संचालक जनसंपर्क सुअनुभा सिंह एवं वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी सहित सैंकड़ों मीडियाकर्मी उपस्थित थे. कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) सीकेपवार ने बताया कि रायसेन वृत्त में 808 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को सितंबर 2025 माह में 01 लाख, 97 हजार 200 रूपए की छूट प्रदान की गई है. स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को नए टैरिफ आर्डर के अनुसार अब खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपयोग की गई.

# लाल परेड में होगा जुवैन नोटियाल का गायन

## मप्र स्थापना दिवस: सीएम ने तैयारियों की जानकारी मंत्रियों से साझा की

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने मप्र के स्थापना दिवस की तैयारियों की जानकारी मंत्रियों से साझा की.**

उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्थापना दिवस पर राजधानी और जिलों में विशेष कार्यक्रम होंगे. प्रदेश में गत 2 वर्ष में अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी विकास प्रदर्शनी के माध्यम से दी जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि लाल परेड ग्राउंड और रवीन्द्र भवन




**समृद्ध मप्र 2047 का द्रष्टिपत्र का विमोचन भी होगा**

परिसर इन कार्यक्रमों के केंद्र होंगे. एक नवंबर को रवीन्द्र भवन में जहां 2 वर्ष में निवेश संवर्धन सहित अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित की जाएंगी वहां ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश से अर्जित उपलब्धियों की जानकारी भी प्रदर्शित की जाएगी. इस अवसर पर डिजिटल सेवाओं, मध्यप्रदेश ई-सेवा और इन्वेस्ट एमपी 3.0 पोर्टल का लोकार्पण होगा.

उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 के तहत हुए कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा. वर्ष 2026 के लिए आगामी वर्ष की थीम की घोषणा भी की जाएगी. समृद्ध मध्यप्रदेश 2047 दृष्टि पत्र का विमोचन भी होगा.

> मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश में अंगदान और देहदान की भावना विकसित हो रही है. हाल ही में भोपाल के एक ऑटो चालक श्री गणेश की दो किडनियां और दिल तीन लोगों को प्रत्यारोपित किया गया. साथ ही उनके कार्निया से भी दो लोगों को रोशनी मिलेगी. ऑटो ड्राइवर के परिवार का यह योगदान सराहनीय है. इस भावना को प्रोत्साहित करने के लिए अंगदान करने वाले व्यक्तियों के अंतिम संस्कार में गार्ड ऑफ ऑनर दिया जा रहा है.

# रानी कमलापति से छपरा जाएगी विशेष ट्रेन

**भोपाल,28 अक्टूबर. पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा छठ महापर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा के बीच एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है.**

यह ट्रेन भोपाल मंडल के बीना, रानी कमलापति और इटारसी स्टेशनों से होकर दोनों दिशाओं में संचालित होगी. छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल (05083) दिनांक 29 अक्टूबर को छपरा से रात्रि 20.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बीना 19.30 बजे, रानी



कमलापति 22.20 बजे, तथा तीसरे दिन इटारसी 00.02 बजे पहुँचते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर दोपहर 12.00 बजे पहुँचेगी. वापसी में लोकमान्य तिलक-छपरा स्पेशल (05084) दिनांक 30 अक्टूबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 14.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन इटारसी 03.15 बजे, रानी कमलापति 05.35 बजे, बीना 07.40 बजे पहुँचते हुए तीसरे दिन 04.45 बजे छपरा पहुँचेगी. इस ट्रेन में 10 इकोनॉमी थर्ड एसी, 4 स्लीपर, 4 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी और 1 जनरेटर कार सहित कुल 20 एलएचबी कोच होंगे.

> यह गाड़ी दोनों दिशाओं में मसराख, गोरखपुर, बस्ती, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नासिक, ईगतपुरी एवं कल्याण सहित प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी. यात्री पूजा स्पेशल ट्रेन से संबंधित विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 या से प्राप्त कर सकते हैं.

# प्रबंध संचालक ने विद्युत आपूर्ति एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा की

**भोपाल/दतिया 28 अक्टूबर. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों को तत्काल अटेंड किया जाए तथा विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए.**

उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली के कार्यों को तत्परता से करते हुए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जाए. राजस्व वसूली और विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए. यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने दतिया प्रवास के दौरान जिले में विद्युत आपूर्ति और कार्यों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही. समीक्षा बैठक के दौरान प्रबंध संचालक ने उड़गवां, सीतापुर, भांडेर, सालोन तथा सेवड़ा के प्रबंधक और सहायक प्रबंधक द्वारा राजस्व वसूली में लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिए. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक ग्वालियर क्षेत्र विनोद कटारे आदि मौजूद रहे.

# गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध की कार्रवाई

## 269 प्रकरणों में 1 लाख 33 हजार जुर्माना वसूला

**भोपाल, 28 अक्टूबर. नगर निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है.**

साथ ही स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन न करने, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाकर निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने, सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सी.एण्ड.डी वेस्ट फैलाने तथा विभिन्न प्रकारों से पर्यावरण को प्रदूषित करने के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने समस्त 21 जोनों में गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए 269 प्रकरणों में 01 लाख 33 हजार 150 रूपये की राशि वसूल की साथ ही सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर सी.एण्ड डी वेस्ट एवं बिल्डिंग मटेरियल रखने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 45 प्रकरणों में 97 हजार 200 रुपये की राषि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की।

> निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा गंदगी फैलाकर साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों एवं सी.एंड.डी वेस्ट आदि सड़कों पर फैलाकर वायु प्रदूषित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देशों के परिपालन में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने मंगलवार को गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जोन क्र. 01 में 13 प्रकरणों में 03 हजार 350 रूपये, जोन क्र. 02 में 08 प्रकरणों में 03 हजार रूपये, जोन क्र. 03 में 06 प्रकरणों में 01 हजार 500 रूपये, जोन क्र. 04 में 06 प्रकरणों में 700 रूपये, जोन क्र. 05 में 11 प्रकरणों में 28 हजार 500 रूपये, जोन क्र. 06 में 02 प्रकरणों में 200 रुपये, जोन क्र. 07 में 36 प्रकरणों में 3 हजार 800 रूपए जुर्माना वसूला.

## पत्रकार वार्ता: निर्वाचन पदाधिकारी ने एसआईआर को लेकर साझा की जानकारी

# मतदाता सूची को किया जाएगा अपडेट

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 अक्टूबर. चुनाव आयोग के निर्देश के बाद मंगलवार से प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई. बीती रात 12 बजे से प्रदेश के मौजूदा 5 करोड़ 74 लाख से अधिक मतदाताओं की सूची को फ्रीज कर दिया गया. इसी सूची के आधार पर मतदाता सूची को अपडेट किया जाएगा.**

एसआईआर को लेकर प्रदेश के राजनीतिक दलों में बने संदेह के बादल को हटाने के लिये प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव झा ने राजनीतिक दलों के साथ



बैठक की और सर की प्रक्रिया का पूरा ब्यौरा दिया और ये बताया कि ये देश और प्रदेश में पहली बार नहीं हो रहा है. 1951 के बाद से 8 बार एसआईआर किया जा चुका है. बाद में उन्होंने पत्रकारों से भी एसआईआर को लेकर जानकारी साझा की और बताया कि एसआईआर के दौरान कोई भी पात्र मतदाता छूट नहीं और कोई अपात्र मतदाता जुड़े नहीं, ये सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है. एसआईआर इसी उद्देश्य को लेकर किया जा रहा है. इससे मतदाता सूची को पूरी तरह पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगा.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने राजनीतिक दलों की बैठक में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण की एसआईआर की तारीखों की घोषणा कर दी है इसमें मध्यप्रदेश भी शामिल हैं. प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से उन्होंने आग्रह किया है कि वे अनिवार्य रूप से बीएलए की नियुक्त कर दें. उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होते ही मतदाता सूची फ्रीज कर दी गई है. भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स. डॉट. ईसीआई. इन पर जाकर 2003 की मतदाता सूची को देखा जा सकता है. इसके अलावा मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है. विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान तीन बार बीएलओ घर घर जाकर सर्वे करेगा.

### 7 फरवरी 2026 तक चलेगी प्रक्रिया

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू होकर 8 फरवरी 2026 तक चलेगी. इस बीच 28 से 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी. बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा. मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा. दावा आपत्तियों के आवेदन 9 दिसंबर से 9 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे. दस्तावेजों का सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा. इसके बाद 7 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा.

## खाद्य विभाग ने 37 घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त

**भोपाल.** राजधानी में खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की. टीम ने जिला आपूर्ति नियंत्रक चन्द्रभान सिंह के नेतृत्व में अवैध रूप से गैस री-फिलिंग, वाहनों में लगे एलपीजी सिलेंडर और गैस भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की. अवंति बाई चौक माता मंदिर के पास एक वाहन में गैस का अवैध अंतरण किया जा रहा था. टीम को देखकर गैस रिफिलिंग पॉइंट का संचालक मौके से फरार हो गया. कार्रवाई में 37 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 बड़ी गैस रिफिलिंग मशीन, एक छोटी मशीन और पाइप जब्त किया. वहीं एम्बुलेंस वाहन के संचालक द्वारा अवैध गैस ईंधन का उपयोग करने पर वाहन को जब्त कर लिया गया.

# मकान के टीन को चीरते हुए दीवार में फंसी गोली

**अज्ञात व्यक्ति ने किया फायर, केस दर्ज**

**भोपाल, 28 अक्टूबर. सूखीसेवनिया इलाके में दिनदहाड़े किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपनी लायसेंसी बंदूक से फायर कर दिया और गोली एक युवक के मकान की टीन को चीरते हुए उसकी दीवार में धंस गई.**

गनीमत यह रही कि गोली परिवार के किसी के सदस्य को नहीं लगी. पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. थाना प्रभारी रामबाबू शर्मा के मुताबिक क्रेशर बस्ती, सूखीसेवनिया में रहने वाला राजू विश्वकर्मा कार वॉशिंग का काम करता है, उसके मकान की छत टीन की है. सोमवार की दोपहर करीब तीन बजे वह अपने घर में ही था. इसी बीच उसे बहुत टीन पर पत्थर फेंकने की आवाज आई, जब देखा कि टीन में छेद हो गया है, और एक गोली उसके घर की दीवार में आकर धंस गई है. घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने खाली खोका जब्त कर लिया. पुलिस का अनुमान है कि गोली लायसेंसी 315 बोर की बंदूक से चलाई थी और हर्ष फायर किया है.